HINDI

(Group – A)

(2023)

Time : 3 Hours 15 Minutes] *[Full Marks : 80*

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :	Instructions to the Candidates :
1. संक्षिप्त तथा बिंदुवार (सटीक) उत्तर के लिए विशेष अंक दिया जायेगा।	1. Special credit will be given for answers which are brief and to the point.
2. वर्तनी अशुद्धि, अव्यवस्थित तथा खराब लिखावट के मामले में अंक काटा जायेगा।	2. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.
3. उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।	3. Figures in the margin indicate full marks for the questions.

(बहु विकल्पीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए : $1 \times 20 = 20$

खण्ड – क

i) "बरामदे में कुर्सी लगाकर राह जोहने लगा" — कौन राह जोह रहा है ?

(क) विद्यानिवास मिश्र (ख) मुंशी प्रेमचंद

(ग) हरिशंकर परसाई (घ) अज्ञेय ।

ii) "अंधेरे के मील के पत्थर हैं" — यह कथन किसका है ?

(क) ई० बातून (ख) पे० नेता

(ग) कवि (घ) मिस कटरा ।

iii) लेखिका किस स्टेशन पर मिल्क केक खरीदने के लिए उतरती है ?

(क) जयपुर (ख) दिल्ली

(ग) अलवर (घ) जोधपुर ।

iv) लेखक के मृत शरीर को जलाने के कितने दिनों बाद संसद में प्रश्नोत्तर हुए ?

(क) तीन दिन बाद (ख) सात दिन बाद

(ग) बारह दिन बाद (घ) दस दिन बाद ।

v) "यह हाल है हमारे देश की युवा पीढ़ी का" — यह कथन किसका है ?

(क) लेखिका का (ख) डाक्टर का

(ग) डाक्टर की पत्नी का (घ) लड़की का ।

vi) "एक कील की वजह से राज्य खो जाता है ।" — यह किस पाठ से है ?

(क) महाजनी सभ्यता (ख) मैं नर्क से बोल रहा हूँ

(ग) बिगड़ैल बच्चे (घ) बहता पानी निर्मला ।

vii) 'नई सभ्यता' का क्या अर्थ है ?

(क) महाजनी सभ्यता (ख) समाजवादी सभ्यता

(ग) पूँजीवादी सभ्यता (घ) राजतांत्रिक सभ्यता ।

viii) अहोम राजाओं की पुरानी राजधानी कहाँ थी ?

(क) शिवसागर (ख) सोनारी

(ग) डिब्रूगढ़ (घ) अमरकंटक ।

ix) 'महाजनी सभ्यता' पाठ के रचनाकार कौन हैं ?

(क) मनीषा कुलश्रेष्ठ (ख) प्रेमचंद

(ग) हरिशंकर परसाई (घ) अज्ञेय ।

खण्ड – ख

x) "लघु जीवन लेकर आए हैं" – 'लघु जीवन' से क्या तात्पर्य है ?

(क) मानव जीवन (ख) कलियाँ

(ग) बादल (घ) फूलों का जीवन ।

xi) पक्षी के रूप में रसखान किस नदी के किनारे बसेरा करना चाहते हैं ?

(क) गंगा (ख) यमुना

(ग) सरस्वती (घ) गोमती ।

xii) "छोड़कर जीवन के अतिवाद, मध्य पथ से लो सुगति सुधार" – यह पंक्ति किस कविता से है ?

(क) जो बीत गई सो बात गई (ख) अकाल और उसके बाद

(ग) अरी वरुणा की शांत कछार (घ) रसखान के सवैये ।

xiii) "मैं नहिं माखन खायो" – वक्ता कौन है ?

(क) बलराम (ख) कृष्ण

(ग) यशोदा (घ) राधा ।

xiv) "भोर तें सांझ लौं कानन ओर निहारति" – पंक्ति किस भाषा में रचित है ?

(क) अवधी भाषा (ख) मैथिली भाषा

(ग) ब्रज भाषा (घ) इनमें से कोई नहीं ।

xv) 'अकाल और उसके बाद' के कवि का नाम क्या है ?

(क) रसखान (ख) भवानीप्रसाद मिश्र

(ग) विद्यानिवास मिश्र (घ) नागार्जुन ।

खण्ड – ग

xvi) 'पृथ्वीराज रासो' के रचयिता का नाम है

(क) जगनिक (ख) चन्दवरदाई

(ग) विद्यापति (घ) दलपति विजय ।

xvii) 'सूरसागर' और 'साहित्य लहरी' किनकी रचनाएँ हैं ?

(क) सूरदास (ख) नंददास

(ग) परमानंद दास (घ) छीतस्वामी ।

xviii) रसखान का वास्तविक नाम क्या है ?

(क) सैयद इब्राहीम (ख) इब्राहिम जुनैद

(ग) इब्राहिम सैयद (घ) इनमें से कोई नहीं ।

xix) खड़ी बोली हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ ?

(क) मागधी (ख) पहाड़ी

(ग) शौरसेनी (घ) इनमें से कोई नहीं ।

xx) 'पद्मावत' की भाषा कौन-सी है ?

(क) राजस्थानी भाषा (ख) अवधी भाषा

(ग) अपभ्रंश भाषा (घ) ब्रज भाषा ।

(विषयनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न)

2. क) निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए । (प्रथम प्रश्नांश के उत्तर **एक** वाक्य तथा दूसरे प्रश्नांश के लिए **दो** वाक्यों का प्रयोग कीजिए) ।

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

i) "यह कैसा न्याय है ?" –

वक्ता कौन है ? वक्ता कहाँ से बोल रहा है ? 1 + 1

ii) "उनका एक-एक मिनट अशर्फी है" –

किस पाठ से है ? लेखक कौन है ? 1 + 1

iii) "यह बुनियादी उसूलों के खिलाफ है ।" – वक्ता कौन है ?

यह किस रचना से है ? 1 + 1

iv) "पूरे विश्व की एक कौसल्या है ।" किस पाठ से है ? लेखक कौन है ?

1 + 1

v) "जो रमता नहीं, वह राम नहीं, टिकना तो मौत है ।" —

पाठ का नाम लिखिए । लेखक का पूरा नाम बतलाइए । 1 + 1

vi) "मुझे बहुत नागवार गुजर रहा था ।" —

किस पाठ से है ? 'मुझे' से संकेतित पात्र कौन है ? 1 + 1

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

i) "हौं माता तू पूत" – यह कथन किसका है ? 'पूत' किसे कहा गया है ? $1 + 1$

ii) "अति सूधो सनेह को मारग है" – पंक्ति के रचनाकार कौन हैं ? यह किस भाषा में रचित है ? $1 + 1$

iii) "धुआँ उठा आँगन के ऊपर कई दिनों के बाद" – कवि का नाम बतलाइए । यह किस कविता से है ? $1 + 1$

iv) "पिता का वक्ष भरा वात्सल्य, पुत्र का शैशव सुलभ दुलार ।" – 'पिता' शब्द किसके लिए आया है ? 'पुत्र' से कौन संकेतित है ? $1 + 1$

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में लिखिए : $5 \times 3 = 15$

i) "उसमें मनुष्यत्व है, तुझमें पशुत्व भी नहीं !" – ऐसा कहने के पीछे लेखक का क्या अभिप्राय है ?

ii) "आजादी की नींद" एकांकी में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए ।

iii) "मेरे राम का मुकुट भीग रहा है" – निबंध में व्यक्त लेखक के विचारों को स्पष्ट कीजिए ।

iv) "धन लोभ ने मानव भावों को पूर्ण रूप से अपने अधीन कर लिया है ।" – पठित पाठ के आधार पर इसे स्पष्ट कीजिए ।

v) "बिगड़ैल बच्चे" कहानी के माध्यम से लेखिका क्या कहना चाहती हैं ?

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** खण्ड के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (प्रत्येक उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में) : $5 \times 2 = 10$

खण्ड – क

i) पठित पदों के आधार पर गोपिकाओं की विरह-वेदना का वर्णन कीजिए ।

ii) निम्नलिखित पद्यांश का ससंदर्भ अर्थ स्पष्ट कीजिए :

देव कर से पीड़ित विक्षुब्ध,
प्राणियों से कह उठा पुकार –
तोड़ सकते हो तुम भव-बन्ध,
तुम्हें है यह पूरा अधिकार ।

खण्ड – ख

i) "जो बीत गई सो बात गई" कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) निम्नलिखित पद्यांश का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :

सेष गनेस दिनेस, सुरेसहु जाहि निरन्तर गावैं ।
जाहि अनादि अनंत अखण्ड, अछेद अभेद सुवेद बतावैं ।
नारद से सुक व्यास रटैं, पचि हारे तऊ पार न पावैं ।
ताहि अहीर की छोहरियाँ, छछिया भरि छाछ पै नाच नचावैं ।

5. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों में लिखिए : $5 \times 1 = 5$

क) संत (निर्गुण) काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

ख) किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

तुलसीदास, विद्यापति, पद्मावत, बिहारी ।

$2 \times 5 = 10$

6. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क) उपसर्ग पृथक कीजिए :

अभाव, प्रसिद्धि ।

ख) वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्धारित कीजिए :

कहानी, उत्सव ।

ग) वचन बदलिए :

आँख, महानगरों ।

घ) निदेशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :

i) धन लोभ ने मानव भावों को अपने अधीन कर लिया है । (प्रश्नवाचक वाक्य में)

ii) रह-रहकर बिजली चमक जाती थी और सड़क दिख जाती थी । (सरल वाक्य में)

ङ) शुद्ध करके लिखिए :

i) यह आपकी अपमान नहीं है ।

ii) भूख से मर गया पर चोरी नहीं किया ।

च) प्रत्यय पृथक कीजिए :

ईश्वरीय, मनुष्यता ।

$10 \times 1 = 10$

7. किसी **एक** विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखिए :

क) आजादी का अमृत महोत्सव

ख) विद्यार्थियों के कर्त्तव्य

ग) मेरा प्रिय साहित्यकार

घ) फीफा फुटबाल विश्वकप (कतर) - 2022 के फाइनल मैच का आँखों देखा वर्णन ।